जवाहर नवोदय विद्यालय (2022)

प्रवेश परीक्षा कक्षा-9 (प्रश्न-पत्र)

भाग-I : हिन्दी

निर्देश (प्र.सं. 1-10) : *प्रत्येक प्रश्न के लिए चार संभावित उत्तर विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से केवल एक सही है। सही उत्तर चुनिए।*

1. शुद्ध वर्तनी वाले शब्द को पहचानिए:
   (a) अधिनियम (b) अधीनियम
   (c) अधिनीयम (d) अधीनयम
2. जब अपराधी किसी गलत काम के लिए अपना दोष न मानकर पूछने वाले को ही दोषी बताता है तो आप किस लोकोक्ति का प्रयोग करेंगे?
   (a) मान न मान मैं तेरा मेहमान
   (b) चोर की दाढ़ी में तिनका
   (c) उलटा चोर कोतवाल को डांटे
   (d) बद अच्छा बदनाम बुरा
3. 'ग' वर्ण का उच्चारण स्थान है:
   (a) तालव्य (b) कंठ्य
   (c) दंत्य (d) मूर्धन्य
4. वह वाक्य पहचानिए जिसमें 'चिड़िया' का शुद्ध बहुवचन प्रयुक्त हुआ है-
   (a) चिड़ियाँ गाना गा रही हैं।
   (b) चिड़ियाएँ डाल पर बैठी हैं।
   (c) सब चिड़िया उड़ गई हैं।
   (d) सारी चिड़ियें कहाँ गई।
5. रूप, रंग या आकार बताने वाले विशेषणों को क्या कहते हैं?
   (a) संख्यावाचक (b) परिणामवाचक
   (c) गुणवाचक (d) सार्वनामिक
6. 'मैं उस मकान में रहता हूँ, जिसमें कभी आचार्य जी रहते थे' - किस प्रकार का वाक्य है?
   (a) सरल वाक्य (b) संयुक्त वाक्य
   (c) मिश्र वाक्य (d) लघु वाक्य
7. नीचे एक वाक्य को चार खंडों में बाँटा गया है, जिनमें से किसी एक में अशुद्धि है। उसे पहचानिए।

चौथा प्रश्न	मैंने	ठीक से	नहीं करा।
(1)	(2)	(3)	(4)

   अशुद्धि किस खंड में है?
   (a) (1) (b) (2)
   (c) (3) (d) (4)
8. किस विकल्प में दोनों शब्द 'वायु' के पर्यायवाची हैं?
   (a) पवन, अनिल (b) अनल, पवन
   (c) अनिल, पावन (d) अनल, समीर
9. उपयुक्त लोकोक्ति से वाक्य पूरा कीजिए।
   इतने ऊँचे पद पर पहुँचना ..... नहीं है।
   (a) ईद का चाँद
   (b) बाएँ हाथ का खेल
   (c) ऊँट के मुँह में जीरा
   (d) घर की मुर्गी दाल बराबर
10. 'नश्वर' का विलोमार्थी शब्द है:
    (a) ईश्वर
    (b) अनश्वर
    (c) कृत्रिम
    (d) लौकिक

निर्देश (प्र.सं. 11-15) : *निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनिए।*

जीवन में सफलता पाने के लिए परिश्रम बहुत आवश्यक है। निरंतर श्रम करने वाला व्यक्ति कभी असफल नहीं होता। अभ्यास करते रहना ही मनुष्य का धर्म होना चाहिए। जो लोग बिना श्रम किए सब कुछ प्राप्त कर लेना चाहते हैं, वे आलसी होते हैं। परिश्रमी अपनी मेहनत के बल पर ही बहुत कुछ हासिल कर लेता है। सभी इस संसार में आकर कुशल बनते हैं। श्रम का फल हमेशा मीठा होता है, यही मान्यता है। महापुरुषों के जीवन से हमें यही प्रेरणा मिलती है कि मनुष्य को जीवन में श्रम करते रहना चाहिए। जीवन में सुख माँगने या खरीदने से नहीं मिलते, उन्हें प्राप्त करने के लिए प्रयास करना पड़ता है। वस्तुतः श्रम जीवन की मूल्यवान कुंजी है। जीवन रूपी सुनसान जंगल में मेहनत और अभ्यास से जो चाहे अपने लिए मार्ग बना लें।

Scanned with OKEN Scanner

11. जीवन में परिश्रम आवश्यक है:
(a) आरामदायक जीवन के लिए
(b) धन अर्जित करने के लिए
(c) प्रतियोगिता के लिए
(d) सफलता प्राप्त करने के लिए

12. मनुष्य का धर्म है:
(a) पूजा-पाठ करना
(b) दूसरों को परास्त करना
(c) अभ्यास करते रहना
(d) चोरी करना

13. श्रम का फल सदैव ..... होता है।
(a) बुरा (b) अच्छा
(c) मीठा (d) खट्टा

14. 'अनमोल' के लिए अनुच्छेद में प्रयुक्त शब्द है:
(a) अभ्यास (b) प्रेरणा
(c) मूल्यवान (d) महापुरुष

15. लोग कुशल कहाँ बनते हैं?
(a) घर में (b) परिवार में
(c) विद्यालय में (d) संसार में

भाग-II : ENGLISH

DIRECTIONS (Qs. 16-19) : *Answer questions no. 16-19 by choosing the most appripriate options to complete the paragraph by filling in the blanks.*

Ranthambore National Park, one of the largest National Wildlife Parks of Northern India is situated _____16_____ Sawai Madhopur in Rajasthan. It is one of the ____17____ places to view the majestic Indian Tiger in the jungle. Ranthambore used to be a hunting ground for the royal family in the past. Today it is a major wildlife tourist attraction. Amongst some of its other attractions ____18____ the imposing 10th century Ranthambore Fort, on a hill top, and the Ganesh Mandir temple. Also in the park is a lake called Padam Talao Lake ____19____ is known for its abundance of water lilies.

16. (a) near (b) beside
(c) away (d) far

17. (a) good (b) better
(c) best (d) nice

18. (a) is (b) are
(c) were (d) was

19. (a) what (b) whom
(c) who (d) which

20. Choose the word similar in meaning is underlined word.
As many as 1800 species of birds in the world face the risk of extinction.
(a) disappearance
(b) evaporation
(c) death
(d) survival

21. The word which is opposite in meaning 'generous' is _____.
(a) liberal (b) bountiful
(c) stingy (d) sympathetic

22. "The teacher has taught this lesson"
Which of the following options correctly changes the VOICE of this sentence?
(a) This lesson has taught the teacher.
(b) This lesson has been taught by the teacher.
(c) The teacher has been taught this lesson.
(d) This lesson had been taught by the teacher.

DIRECTIONS (Qs. 23-25) : *Answer these questions by choosing the most appropriate options to fill in the blanks.*

23. The actor's latest performance is _____ her past one.
(a) superior than
(b) more superior than
(c) superior to
(d) most superior than

24. I _____ for the Swiss delegation to arrive for over an hour.
(a) will be waiting
(b) would be waiting
(c) have been waiting
(d) wait

25. _____ money she had, was also spent on medicines.
(a) More (b) A little
(c) Much (d) The little

26. Give one word substitute for the following expression:
'One who is all powerful'
(a) Omnivorous
(b) Omniscient
(c) Omnipotent
(d) Ophthalmologist

Scanned with OKEN Scanner

DIRECTIONS (Q. 27) : *Select the alternative which best expresses the following sentence in indirect speech.*

27. I asked Sheela, "Why are you looking so pale today?"
   (a) I said to Sheela why was she looking so pale that day.
   (b) I was asking Sheela why she is looking so pale today.
   (c) I asked Sheela why she was looking so pale that day.
   (d) I asked to Sheela why she was looking so pale today.

DIRECTIONS (Qs. 28-30) : *Read the following passage carefully and answer Questions No. 28-30.*

Ten-year-old Everbloom K. Nongrum from Meghalaya was selected for the ICCW National Bravery Award for saving two of his friends from drowning in separate incidents last year. He is a resident of Mawryngkneng village in East Khasi district. Everbloom when asked if the felt afraid jumping into the waters, said, "No, never, I will not shy away from saving more lives in future, if it is in my ability."

28. Everbloom was given a bravery award for saving:
   (a) one of his friends from drowning.
   (b) two of his friends from drowning.
   (c) two small children from drowning.
   (d) a few of his friends from drowning.

29. Everbloom lives in a _____.
   (a) city in Meghalaya
   (b) town in Meghalaya
   (c) village in Meghalaya
   (d) hill in Meghalaya

30. Everbloom rescued his friends _____.
   (a) on the same day last year
   (b) on two different days last year
   (c) on two different occasions last two years
   (d) on many occasions last year

भाग-III : गणित

निर्देश (प्रश्न सं. 31-65) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार संभावित उत्तर विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से केवल एक सही है। सही उत्तर चुनकर उसको ओ.एम.आर. उत्तर पत्रिका पर उपयुक्त स्थान पर दर्शाना है।

31. $\left(\frac{5}{3}\times\frac{7}{2}\right)-\left(\frac{11}{8}\times\frac{4}{3}\right)$ बराबर है:
   (a) $\frac{3}{8}$ (b) $-\frac{3}{4}$
   (c) 4 (d) $\frac{1}{4}$

32. एक आयत का क्षेत्रफल 33 m^2 है। यदि इसकी एक भुजा $2\frac{3}{4}$ m है, तो आयत का परिमाप होगा:
   (a) 12 मीटर (b) 48 मीटर
   (c) $14\frac{3}{4}$ मीटर (d) $29\frac{1}{2}$ मीटर

33. दिया है : $\sqrt{2401}=49$, तो $\sqrt{0.2401}+\sqrt{24.01}$ का मान है:
   (a) 53.9 (b) 5.39
   (c) 0.539 (d) 9.8

34. $\frac{1}{5}$ तथा $\frac{1}{2}$ के बीच की एक परिमेय संख्या है:
   (a) $\frac{1}{10}$ (b) $\frac{3}{10}$
   (c) $\frac{7}{10}$ (d) $\frac{1}{20}$

35. $\left[\sqrt[3]{8}+\sqrt[3]{27}\right]$ बराबर है:
   (a) $\sqrt[3]{35}$ (b) $\sqrt[3]{216}$
   (c) 35 (d) 5

36. $\frac{15}{-28}$ को किस संख्या से गुणा करने पर गुणनफल $\frac{-5}{7}$ प्राप्त होता है?
   (a) $-\frac{4}{3}$ (b) $\frac{3}{4}$
   (c) $-\frac{3}{4}$ (d) $\frac{4}{3}$

37. दो पूर्ण घनों का अन्तर 127 है। यदि इन दोनों में छोटे घन का घनमूल 6 है, तो बड़े घन का घनमूल है:
   (a) 4 (b) 6
   (c) 7 (d) 8

Scanned with OKEN Scanner

38. एक आयत की भुजाएँ 2 मी. तथा 1.5 मी. लंबी हैं। इसके विकर्ण की लंबाई है:
(a) 6.5 मी. (b) 2.5 मी.
(c) 6.25 मी. (d) 25 मी.

39. 675 को किस छोटी से छोटी संख्या से भाग देने पर भागफल एक पूर्ण घन प्राप्त होता है?
(a) 5 (b) 25
(c) 3 (d) 9

40. एक घनाकार बॉक्स का आयतन 0.512 घन मी. है। इस बॉक्स की प्रत्येक भुजा की लंबाई है:
(a) 8 मी. (b) 0.8 मी.
(c) 8 सेमी. (d) 0.04 मी.

41. यदि 3 व्यक्ति एक दीवार को 4 दिनों में बनाते हैं, तो इस दीवार को 4 व्यक्ति बना लेंगे :
(a) 6 दिनों में (b) 5 दिनों में
(c) 3 दिनों में (d) $5\frac{1}{3}$ दिनों में

42. संख्या 4325×10^{-4} को मानक रूप में लिखने पर प्राप्त होता है:
(a) 0.435 (b) 43.25×10^{-2}
(c) 432.5×10^{-3} (d) 4.325×10^{-1}

43. A एक कार्य को 12 दिनों में पूरा कर सकता है। A तथा B मिलकर काम करने पर उसी कार्य को 4 दिन में पूरा कर सकते हैं। B अकेला उस कार्य को पूरा करने में जितने दिन लेगा, वह हैं :
(a) 8 दिन (b) 6 दिन
(c) 10 दिन (d) 2 दिन

44. एक कैंप जिसमें 300 सिपाही है. के पास 90 दिनों का भोजन है। 20 दिनों के पश्चात्, 50 सिपाही और आ गये। इसी दर से शेष भोजन कितने दिनों तक चलेगा।
(a) 60 दिन (b) 77 दिन
(c) 80 दिन (d) 81 दिन

45. [100 – 300 का 20%] का 40%, बराबर है:
(a) 20 (b) 16
(c) 64 (d) 140

46. एक परीक्षा में पास होने के लिए 33% अंकों की आवश्यकता है। एक विद्यार्थी ने 158 अंक प्राप्त किए और वह 7 अंकों से फेल हो गया। परीक्षा के अधिकतम अंक हैं:
(a) 400 (b) 450
(c) 500 (d) 650

47. एक टीवी जिसका अंकित मूल्य ₹ 16000 है, 15% के छूट पर उपलब्ध है। इस टीवी का विक्रय मूल्य है:
(a) ₹13600 (b) ₹11000
(c) ₹15000 (d) ₹14760

48. समीर ने एक जोड़ी जूते खरीदे जिसके लिए उसने GST समेत ₹ 441 दिए। यदि जूतों का विक्रय मूल्य ₹ 420 है, तो GST की दर है :
(a) 12% (b) 8%
(c) 6% (d) 5%

49. एक व्यापारी अपनी वस्तुओं पर क्रय मूल्य से 25% अधिक मूल्य अंकित करता है तथा अंकित मूल्य पर 20% छूट पर बेच देता है। उसका लाभ या हानि प्रतिशत है:
(a) 5% लाभ (b) 5% हानि
(c) 0% लाभ या हानि (d) 10% लाभ

50. वह राशि जो 2 वर्षों में 8% वार्षिक दर से चक्रवृद्धि ब्याज से ₹ 8748 हो जाती है, है:
(a) ₹6000 (b) ₹6500
(c) ₹7000 (d) ₹7500

51. $12a^3b^2 - 27ab^4$ के गुणनखण्डन से प्राप्त होता है:
(a) $3a^2b\,(2a-3b)\,(2a+3b)$
(b) $3ab\,(3a-2b)\,(3a+2b)$
(c) $4ab^2\,(2a-3b)\,(2a+3b)$
(d) $3ab^2\,(2a-3b)\,(2a+3b)$

52. विस्तार करने पर व्यंजक $(2x-y+3z)^2$ बराबर है:
(a) $4x^2+y^2+9z^2-4xy-6yz+12xz$
(b) $4x^2-y^2+9z^2-4xy-6yz+12xz$
(c) $4x^2+y^2+9z^2+4xy-12xz-6yz$
(d) $4x^2+y^2+9z^2-4xy+6yz+6xz$

53. एक समबाहु त्रिभुज की दो भुजाएँ क्रमशः $(2x+11)$ सेमी. व $(4x+1)$ सेमी. हैं। इस त्रिभुज का परिमाप है:
(a) 50 सेमी. (b) 55 सेमी.
(c) 63 सेमी. (d) 65 सेमी.


54. $x^2+4x-p=(x-q)\,(x+7)$ में p तथा q के मान हैं:
(a) $p=21, q=-3$ (b) $p=-21, q=3$
(c) $p=-21, q=-3$ (d) $p=21, q=3$

55. 12 वर्ष पश्चात् मेरी आयु मेरी 4 वर्ष पूर्व की आयु का 3 गुना होगी। मेरी वर्तमान आयु है:
(a) 21 वर्ष (b) 12 वर्ष
(c) 8 वर्ष (d) 20 वर्ष

56. रैखिक समीकरण $\frac{2x-3}{5}+\frac{x+3}{4}=\frac{2x+3}{4}$ का हल है:
(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

Scanned with OKEN Scanner

57. ABCD एक समचतुर्भुज है जिसमें $\angle ABC = 80°$. $\angle CAD$ का परिमाप है:



(a) 45° (b) 50°
(c) 80° (d) 100°

58. एक नियमित बहुभुज की 20 भुजाएँ हैं। इसके एक बाह्य कोण की माप है:
(a) 162° (b) 36°
(c) 72° (d) 18°

59. एक समलंब का क्षेत्रफल 68 वर्ग से.मी. तथा ऊँचाई 8 से.मी. है। यदि इसकी एक समांतर भुजा की लंबाई 10 से.मी. है, तो दूसरी समांतर भुजा की लंबाई है:
(a) 7 से.मी. (b) 17 से.मी.
(c) 6 से.मी. (d) 12 से.मी.

60. एक घनाभ के किनारों में 1 : 2 : 3 का अनुपात है तथा इसका कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल 198 सेमी^{2} हैं। इस घनाभ का आयतन है:
(a) 27 सेमी^{3} (b) 36 सेमी^{3}
(c) 81 सेमी^{3} (d) 162 सेमी^{3}

61. एक बेलनाकार टैंक की धारिता (आयतन) 6160 घन से. मी. है। यदि इसकी त्रिज्या 14 से.मी. है, तो इसकी गहराई (से.मी.) है:
(a) 5 (b) 10
(c) 15 (d) 50

62. एक आयताकार कागज की विमाएं 22 से.मी. × 12 से. मी. हैं। इसको लम्बाई के सम्मुख तथा चौड़ाई के सम्मुख मोड़ कर दो प्रकार के लंब वृत्तीय बेलन बनाए जा सकते हैं। इस प्रकार बने दो बेलनों के आयतन में अन्तर है:

$(\pi = \frac{22}{7}$ लें)

(a) 200 से.मी.^{3} (b) 210 से.मी.^{3}
(c) 252 से.मी.^{3} (d) 462 से.मी.^{3}

63. 15000 व्यक्तियों के एक सर्वे में पाया गया कि 3000 कॉफ़ी पीना पसन्द करते हैं। एक वृत्त-चित्र (pie chart) में, इस वर्ग का त्रिज्यखण्ड कोण कितना होगा?
(a) 120° (b) 90°
(c) 72° (d) 60°

64. एक पासा उछाला गया। सम अभाज्य संख्या आने की प्रायिकता है:
(a) $\frac{1}{6}$ (b) $\frac{1}{3}$
(c) $\frac{1}{2}$ (d) $\frac{2}{3}$

65. शब्द 'NITISH' के अक्षरों में से यादृच्छया एक अक्षर चुना गया। अक्षर 'I' के प्राप्त होने की प्रायिकता है :
(a) $\frac{2}{5}$ (b) $\frac{1}{6}$
(c) $\frac{1}{2}$ (d) $\frac{1}{3}$

भाग-IV : सामान्य विज्ञान

निर्देश: (प्र.सं. 66-100): *प्रत्येक प्रश्न के लिए चार संभावित उत्तर विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से केवल एक सही है। सही उत्तर चुनकर उसको ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका पर उपयुक्त स्थान पर दर्शाना है।*


66. खाद्य का परिरक्षण _____ नहीं किया जा सकता है।
(a) खाद्य को कमरे के तापमान पर प्लेट से ढकने से
(b) पहले उबालने और तब बहुत नीचे तापमान तक ठण्डा करके परिबंधन करने से
(c) वायुरोधी पैकेट में पैक कर गोदाम में रखने से
(d) साधारण नमक, चीनी, सिरका या तेल डालकर तथा पाश्चरीकरण करके वायुरोधी पैकेट में पैक करने से

67. कौन-सा एक गलत कथन है?
(a) प्रोटोजोआ के कारण अतिसार व मलेरिया होता है।
(b) यीस्ट चीनी, आटा, यीस्ट व गर्म पानी के मिश्रण के आयतन को घटाता है।
(c) विषाणु के कारण जुकाम, इन्फ्लूएन्जा, पोलियो, छोटी माता होती है।
(d) जीवाणु के कारण टायफाइड एवं क्षयरोग होता है।

68. फ़सल उगाने की कृषि पद्धतियों का सही क्रम है :
(a) जुताई - खाद देना - सिंचाई - बुआई - खरपतवार हटाना - कटाई
(b) जुताई - बुआई - खाद देना - सिंचाई - खरपतवार हटाना - कटाई

Scanned with OKEN Scanner

57. ABCD एक समचतुर्भुज है जिसमें $\angle ABC = 80°$. $\angle CAD$ का परिमाप है:



(a) 45° (b) 50°
(c) 80° (d) 100°

58. एक नियमित बहुभुज की 20 भुजाएँ हैं। इसके एक बाह्य कोण की माप है:
(a) 162° (b) 36°
(c) 72° (d) 18°

59. एक समलंब का क्षेत्रफल 68 वर्ग से.मी. तथा ऊँचाई 8 से.मी. है। यदि इसकी एक समांतर भुजा की लंबाई 10 से.मी. है, तो दूसरी समांतर भुजा की लंबाई है:
(a) 7 से.मी. (b) 17 से.मी.
(c) 6 से.मी. (d) 12 से.मी.

60. एक घनाभ के किनारों में 1 : 2 : 3 का अनुपात है तथा इसका कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल 198 सेमी^{2} हैं। इस घनाभ का आयतन है:
(a) 27 सेमी^{3} (b) 36 सेमी^{3}
(c) 81 सेमी^{3} (d) 162 सेमी^{3}

61. एक बेलनाकार टैंक की धारिता (आयतन) 6160 घन से. मी. है। यदि इसकी त्रिज्या 14 से.मी. है, तो इसकी गहराई (से.मी.) है:
(a) 5 (b) 10
(c) 15 (d) 50

62. एक आयताकार कागज की विमाएं 22 से.मी. × 12 से. मी. हैं। इसको लम्बाई के सम्मुख तथा चौड़ाई के सम्मुख मोड़ कर दो प्रकार के लंब वृत्तीय बेलन बनाए जा सकते हैं। इस प्रकार बने दो बेलनों के आयतन में अन्तर है:

$(\pi = \frac{22}{7}$ लें)

(a) 200 से.मी.^{3} (b) 210 से.मी.^{3}
(c) 252 से.मी.^{3} (d) 462 से.मी.^{3}

63. 15000 व्यक्तियों के एक सर्वे में पाया गया कि 3000 कॉफ़ी पीना पसन्द करते हैं। एक वृत्त-चित्र (pie chart) में, इस वर्ग का त्रिज्यखण्ड कोण कितना होगा?
(a) 120° (b) 90°
(c) 72° (d) 60°

64. एक पासा उछाला गया। सम अभाज्य संख्या आने की प्रायिकता है:
(a) $\frac{1}{6}$ (b) $\frac{1}{3}$
(c) $\frac{1}{2}$ (d) $\frac{2}{3}$

65. शब्द 'NITISH' के अक्षरों में से यादृच्छया एक अक्षर चुना गया। अक्षर 'I' के प्राप्त होने की प्रायिकता है :
(a) $\frac{2}{5}$ (b) $\frac{1}{6}$
(c) $\frac{1}{2}$ (d) $\frac{1}{3}$

भाग-IV : सामान्य विज्ञान

निर्देश: (प्र.सं. 66-100): *प्रत्येक प्रश्न के लिए चार संभावित उत्तर विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से केवल एक सही है। सही उत्तर चुनकर उसको ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका पर उपयुक्त स्थान पर दर्शाना है।*

66. खाद्य का परिरक्षण _____ नहीं किया जा सकता है।
(a) खाद्य को कमरे के तापमान पर प्लेट से ढकने से
(b) पहले उबालने और तब बहुत नीचे तापमान तक ठण्डा करके परिबंधन करने से
(c) वायुरोधी पैकेट में पैक कर गोदाम में रखने से
(d) साधारण नमक, चीनी, सिरका या तेल डालकर तथा पाश्चरीकरण करके वायुरोधी पैकेट में पैक करने से

67. कौन-सा एक गलत कथन है?
(a) प्रोटोजोआ के कारण अतिसार व मलेरिया होता है।
(b) यीस्ट चीनी, आटा, यीस्ट व गर्म पानी के मिश्रण के आयतन को घटाता है।
(c) विषाणु के कारण जुकाम, इन्फ्लूएन्जा, पोलियो, छोटी माता होती है।
(d) जीवाणु के कारण टायफाइड एवं क्षयरोग होता है।

68. फ़सल उगाने की कृषि पद्धतियों का सही क्रम है :
(a) जुताई - खाद देना - सिंचाई - बुआई - खरपतवार हटाना - कटाई
(b) जुताई - बुआई - खाद देना - सिंचाई - खरपतवार हटाना - कटाई

Scanned with OKEN Scanner

(c) जुताई - बुआई - खाद देना - खरपतवार हटाना - सिंचाई - कटाई
(d) जुताई - बुआई - सिंचाई - खाद देना - खरपतवार हटाना - कटाई

69. वर्षा ऋतु में उगायी जाने वाली फसलें कहलाती हैं:
(a) रबी फसलें (b) ग्रीष्म फसलें
(c) मानसून फसलें (d) खरीफ फसलें

70. तत्त्वों के किस जोड़े में धातु व अधातु दोनों कमरे के तापमान पर तरल अवस्था में होते हैं?
(a) लोहा, सोना (b) सोडियम, ब्रोमिन
(c) ब्रोमिन, पारा (d) ग्रेफाइट, पारा

71. देखने में सिल्क (रेशम) जैसा वस्त्र-पदार्थ परन्तु सिल्क नहीं है। यह वस्त्र-पदार्थ है:
(a) नायलॉन (b) पॉलिएस्टर
(c) रेयॉन (d) एक्रिलिक

72. कौन-सा एक जैव निम्नीकरणीय है?
(a) पी.वी.सी. थैला (b) एलुमिनियम
(c) बैकेलाइट (d) कागज़

73. कौन-से रेशों के समूह में केवल प्राकृतिक रेशे हैं?
(a) कपास, ऐक्रेलिक, नायलॉन
(b) कपास, रेशम, ऊन
(c) रेयॉन, रेशम, टेरीलीन
(d) रेयॉन, पॉलिएस्टर, नायलॉन

74. यदि आप किसी दक्ष निकाय में नीचे दिए गए प्रत्येक ईंधन के 1 kg का दहन करें, तो आपको तब अधिकतम ऊष्मा प्राप्त होगी जब आप दहन करेंगे:
(a) हाइड्रोजन (b) मेथैन
(c) डीज़ल (d) कोयला

75. पेट्रोलियम के तीन संघटक हैं :
(a) किरोसिन, पेट्रोल, प्राकृतिक गैस
(b) डीज़ल, LPG, कोल गैस
(c) बिटुमेन, स्नेहक तेल, पैराफिन मोम
(d) LPG, विस्फोटक, पेन्ट

76. कौन-सा एक जीवाश्म ईंधन नहीं है?
(a) कोयला (b) पेट्रोलियम
(c) प्राकृतिक गैस (d) लकड़ी

77. सघन वनों (जो मृदा के नीचे दब जाते हैं,) के जीवाश्मों (कोयले) में परिवर्तित होने के लिए आवश्यक अवस्थाएं हैं:
(a) उच्च दाब और निम्न ताप
(b) उच्च दाब और उच्च ताप
(c) निम्न दाब और उच्च ताप
(d) निम्न दाब और निम्न ताप

78. कौन-से धन का सर्वाधिक ऊष्मीय मान है?
(a) मेथैन (b) सी.एन.जी.
(c) एल.पी.जी. (d) हाइड्रोजन

79. वनोन्मूलन का एक प्राकृतिक कारण है:
(a) भारी वर्षा (b) भीषण सूखा
(c) भूकम्प (d) भूस्खलन

80. कौन-सा कोशिकांग केवल पादप कोशिका में होता है लेकिन जंतु कोशिका में नहीं होता?
(a) केन्द्रक (b) कोशिका द्रव्य
(c) प्लैस्टिड (d) रिक्तिका

81. क्षेत्र जहाँ जंतुओं को सार्वजनिक प्रदर्शनी के लिए रखा जाता है वो है:
(a) वन्य-जीव अभयारण्य (b) राष्ट्रीय उद्यान
(c) जैवमण्डल आरक्षण (d) चिड़िया घर

82. निम्नलिखित में से सही कथन चुनिए :
(a) जरायुज जन्तु अण्डे देते हैं।
(b) गौरैया में बाह्य निषेचन होता है।
(c) अमीबा द्विखण्डन द्वारा जनन करता है।
(d) युग्मनज एकल कोशिका होती है।

83. बाह्य निषेचन इनमें होता है :
(a) मुर्गी (b) कुत्ते
(c) मछली (d) गाय

84. अग्न्याशय द्वारा उत्पन्न हॉर्मोन है:
(a) एड्रेनिन (b) एस्ट्रोजन
(c) इन्सुलिन (d) टेस्टोस्टेरॉन

85. किसी शरीर पर दो बल, जिनमें प्रत्येक बल 20 N का है, एक ही समय लग रहे हैं सबसे अधिक व सबसे कम नेट बल है:
(a) 40 N और 0 N (b) 20 N और 0 N
(c) 20 N और 10 N (d) 40 N और 20 N

86. "कोई गेंद किसी फर्श (पृष्ठ) पर एक समान चाल से सरल रेखीय पथ पर गति कर रही है।" इस कथन से आप यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि
(a) गेंद पर कार्य करने वाला बल शून्य है।
(b) गेंद पर गुरुत्व बल कार्य नहीं कर रहा है।
(c) गेंद पर घर्षण बल के विरुद्ध कोई असम्पर्क बल कार्य कर रहा है।
(d) घर्षण बल लुढ़कने वाली वस्तुओं पर कार्य नहीं करता है।

Scanned with OKEN Scanner

87. कौन-सी मात्रक दाब की नहीं है?
(a) पास्कल (b) $N\,m^{-2}$
(c) dyne cm^{-2} (d) $N\,m^{-1}$

88. मानव नेत्र की वह कौन-सी संरचना है, जो उसे उसका विशिष्ट रंग (वर्ण) प्रदान करती है?
(a) परितारिका (आइरिस) (b) कॉर्निया
(c) पुतली (d) नेत्र लेंस

89. आपतित किरण व परावर्तित किरण के बीच का कोण 120° है तब आपतन कोण है:
(a) 240° (b) 60°
(c) 30° (d) 90°

90. किसी वस्तु की अपनी माध्य स्थिति के इधर-उधर अथवा आगे-पीछे होने वाली गति को जो ध्वनि उत्पन्न करती है, कहते हैं:
(a) तारत्व (b) आवृत्ति
(c) आयाम (d) कम्पन

91. विद्युत धारा का रासायनिक प्रभाव _____ में प्रयोग नहीं होता।
(a) विद्युत अपघटन
(b) विद्युतलेपन
(c) वैद्युत-मुद्रण
(d) धारा द्वारा बल्ब का प्रकाशयुक्त होना

92. किस एक में विद्युत धारा के रासायनिक प्रभाव का उपयोग नहीं होता?
(a) अम्लीकृत पानी के इलेक्ट्रोलाइसिस में
(b) विद्युतलेपन में
(c) चुम्बकीय कम्पास को सूई का घूमना जब इसे किसी विद्युतवाही तार प्रवाहित हो के पास रखा जाता है, में
(d) विद्युत-मुद्रण में

93. कोई छात्र यह ज्ञात करने के लिए कि नीचे दिए गए द्रव/विलयन विद्युत चालन करते हैं अथवा नहीं अपने संपरीक्षित्र का उपयोग करता है। इसके लिए वह सभी आवश्यक सावधानियों का पालन करते हुए बारी-बारी से अपने संपरीक्षित्र के दोनों तारों के स्वतंत्र सिरों को दिए गए विलयनों में डुबाता है और यह पाता है कि चुम्बकीय सुई में विक्षेप देने वाला केवल एक ही द्रव है और वह है:
(a) आसुत जल (b) नींबू का रस
(c) चीनी का विलयन (d) वनस्पति तेल

94. भूकम्प की तीव्रता का अभिलेखन करने का उपकरण है:
(a) स्वर्ण पत्र विद्युतदर्शी
(b) भूकम्प लेखी उपकरण
(c) गतिमापक
(d) ओडोमीटर

95. गैस जिसके कारण हरित गृह प्रभाव नहीं होता है :
(a) $CO_2(g)$ (b) $H_2O(g)$
(c) $CH_4(g)$ (d) $N_2(g)$

96. कौन-से वायु प्रदूषण के प्राकृतिक स्रोत हैं?
(a) उद्योगों से धुआँ व गैस
(b) वाहनों से जहरीली गैस और धुआँ
(c) पौधों के कचरे का जलाना
(d) जंगल दावानल व ज्वालामुखी विस्फोट से धुआँ और धूल

97. शुक्र हमारे परिवार का एक ग्रह है परन्तु इसे प्रायः प्रभात तारा अथवा सांध्य तारा कहा जाता है (यद्यपि यह तारा नहीं है।)। शुक्र दृष्टिगोचर होता है:
(a) पूर्वी आकाश में सांध्य तारे के रूप में
(b) पश्चिमी आकाश में प्रभात तारे के रूप में
(c) पूर्वी आकाश तथा पश्चिमी आकाश दोनों में प्रभात तारे के रूप में
(d) पश्चिमी आकाश में सांध्य तारे के रूप में

98. जल का घनत्व 1000 किलोग्राम प्रति घन मीटर है। हमारे सौर परिवार के एक ग्रह का घनत्व इससे कम है। इस ग्रह का नाम है:
(a) बुध (b) शुक्र
(c) शनि (d) यूरेनस

99. एक तारा जो पृथ्वी से 60 प्रकाश वर्ष दूर है। प्रकाश को उस तारे से पृथ्वी तक पहुँचने में कितना समय लगेगा?
(a) 60 वर्ष (b) 15 वर्ष
(c) 20 वर्ष (d) 30 वर्ष

100. कौन-सा तारामण्डल ध्रुव तारे की पूर्व से पश्चिम की ओर परिक्रमा करता प्रतीत होता है और प्रश्न चिह्न जैसा लगता है?
(a) ओरियन (b) कैसियोपिया
(c) लिओ मेजर (d) सप्तर्षि

Scanned with OKEN Scanner